पाक्षिक

खबर आस पास RNI REGISTERED

खबर आस पास

भारत सरकार से मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

संपादक :सत्येन्द्र राजवंशी मो. 9587570001 Email : khabaraaspass@gmail.com

वर्ष : 1 | अंक : डिजिटल | बीकानेर : शनिवार 24 अक्टूबर 2026 | पृष्ठ : 4 | मूल्य : 1.00 रुपया

'जिस व्यक्ति ने कभी गलती नहीं की, उसने कभी कुछ नया करने की कोशिश नहीं की।'

आईटीबीपी चीफ बोले- अरुणाचल में चीन से झड़पें हुई

गलवान रिपीट न हो इसलिए फोकस ड्रोन फोर्स पर, रिटायरमेंट से 7 दिन पहले बयान



नई दिल्ली एजेन्सी। आइटीबीपी के DG शत्रुजीत कपूर ने कहा कि पिछले कुछ महीनों में अरुणाचल प्रदेश में चीन और भारत के सैनिक आमने-सामने आ गए थे। कई जगह टकराव की स्थिति भी बनी। यह अभी भी जारी है।

शत्रुजीत गुरुवार को राजस्थान के अलवर के सेंट्रल ट्रेनिंग कॉलेज में हिमवीर सम्मान समारोह में शामिल हुए।

उन्होंने पहली बार सार्वजनिक रूप से यह माना कि जुलाई के अंत से अरुणाचल प्रदेश में ऊपरी सुबनसिरी जिले के असाफिला और माजा इलाके में तनाव बना हुआ है। भारत ने भी सीमा पर अपनी तैनाती बढ़ा दी है।

गलवान रिपीट ना हो इसलिए फोकस ड्रोन फोर्स पर होना चाहिए। शत्रुजीत ने यह बयान अपने रिटायरमेंट के 7 दिन पहले दिया है। वे 31 अक्टूबर को रिटायर हो रहे हैं।

शत्रुजीत ने कहा- 3 बैठकों के बाद भी तनाव जारी, 5 बड़ी बातें

ITBP के DG ने कहा कि जुलाई से अब तक दोनों देशों के बीच तीन उच्चस्तरीय बैठकें (WMCC, विशेष प्रतिनिधि वार्ता, कोर कमांडर स्तर) हुईं, लेकिन तनाव बरकरार रहा। इसी बीच सितंबर में 18वां ब्रिक्स सम्मेलन भी हुआ, जिसमें हिस्सा लेने के लिए चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग भारत आए थे।

1. अरुणाचल में तनाव जारी अरुणाचल प्रदेश में कई जगह भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच आमने-सामने की स्थिति बनी और यह अब भी जारी है।

2. ड्रोन पर रु.1,000 करोड़ खर्च करने की तैयारी ITBP की बड़ी आधुनिकीकरण योजना में करीब रु.4,000 करोड़ की मंजूरी मिलने पर रु.1,000 करोड़ ड्रोन और एंटी-ड्रोन सिस्टम के लिए रखे जाएंगे। मौजूदा रु.400 करोड़ की योजना में भी 70% राशि ड्रोन क्षमता बढ़ाने के लिए तय की गई है।

3. हर बॉर्डर बटालियन में ड्रोन प्लाटून ITBP ने अपनी सभी सीमा सुरक्षा बटालियनों में ड्रोन प्लाटून बनाई हैं। फोर्स ड्रोन पायलटों को प्रशिक्षण दे रही है और अपने ड्रोन खुद बनाने पर भी काम कर रही है।

4. LAC पर भूमिगत शेल्टर बनाए जा रहे आधुनिक युद्ध में जमीन के ऊपर मौजूद जवान और इमारतें आसानी से निशाना बन सकते हैं। इसलिए ITBP ने सीमा चौकियों पर पायलट प्रोजेक्ट के तहत भूमिगत ढांचे बनाने शुरू किए हैं, जिन्हें आगे स्थायी सुरक्षा व्यवस्था के रूप में विकसित करने की योजना है।

5. गलवान जैसी स्थिति से निपटने के लिए 'स्ट्राइक' ट्रेनिंग ITBP ने जवानों को आधुनिक युद्ध कौशल और नई रणनीतियों का प्रशिक्षण देने के लिए 'स्ट्राइक' नाम का नया कोर्स शुरू किया है। 2027 के अंत तक पूरी फोर्स को यह प्रशिक्षण देने का लक्ष्य है। इसके अलावा, हर बटालियन में शौर्य कमांडो टीम विकसित करने की योजना भी है।

पीएम मोदी ने स्वामी चिन्मयानंद के होलोग्राम से बात की: चिन्मय

मिशन के 75 साल पूरे, दुनियाभर में 350 से ज्यादा सेंटर



नई दिल्ली एजेन्सी। पीएम मोदी शुक्रवार को दिल्ली के भारत मंडपम में 'चिन्मय अमृत महोत्सव' के कार्यक्रम में पहुंचे। यहां उन्होंने स्वामी चिन्मयानंद के होलोग्राम से बात की। स्वामीजी का निधन 3 अगस्त 1993 में हुआ था।

स्वामीजी के होलोग्राम ने कहा कि आपसे मेरी मुलाकात पहली बार फरवरी 1993 में हुई थी। आप मुझे शिकागो में विश्व धर्म संसद के शताब्दी कार्यक्रम में आमंत्रित करने आए थे। मोदी ने जवाब दिया कि मैं खुशनसीब हूं कि फिर मुझे आपके दर्शन का सौभाग्य मिला।

होलोग्राम एक ऐसी 3ष्ठ तकनीक है, जिसमें किसी व्यक्ति या वस्तु की तस्वीर असली जैसी दिखाई देती है और उसे अलग-अलग एंगल से देखने का एहसास होता है।

चिन्मय मिशन का तीन दिन का कार्यक्रम 23 से 25 अक्टूबर तक चलेगा। चिन्मय मिशन के 75 साल पूरे होने पर सालभर से देश के अलग-अलग हिस्सों में कार्यक्रम हुए थे।

मोदी ने कहा- देश ऋषियों-राष्ट्रभक्तों की राह पर; 3 बातें...

विकसित भारत और चिन्मय मिशन का रास्ता एकः मोदी ने कहा- जब भारत अपनी आजादी के 100 साल पूरे करेगा, जब चिन्मय मिशन भी 100 साल पूरे करेगा। यानी विकसित भारत और चिन्मय मिशन का रास्ता एक है। देश ऋषियों-राष्ट्रभक्तों की राह परः एक समय भारत से बहुत सी मूर्तियां चोरी कर विदेश ले जाई गईं। हम पिछले 12 साल में ऐसी 600 मूर्तियां वापस लाए हैं। देश अब उस राह पर आगे बढ़ रहा है, जिसका सपना हमारे ऋषियों और राष्ट्रभक्तों ने देखा था। वेदों में लिखा है राष्ट्र को महान बनाएंः अब चिन्मय मिशन का अमृत महोत्सव भी भारत के अमृत काल से जुड़ रहा है। हमारे वेदों में लिखा है- राष्ट्र का हित चाहने वाले हम लोग राष्ट्र को महान बनाएं।

मोदी बोले- विकसित भारत और चिन्मय मिशन का रास्ता एक

बीते दशकों में समय बदला है। देश के सामने नई चुनौतियां पैदा हुई हैं। आज उसके समाधान का काम हम सबके सामने है। आज हमें आत्मनिर्भरता के लिए देश को जागरूक करना है। हमें 2047 के विकसित भारत संकल्प से सबको जोड़ना है।

जब भारत अपनी आजादी के 100 साल पूरे करेगा, जब चिन्मय मिशन भी 100 साल पूरे करेगा। यानी विकसित भारत और चिन्मय मिशन का रास्ता एक है। मुझे विश्वास है, आप सब मिलकर विकसित भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएंगे।

मोदी बोले- वेदों में लिखा है राष्ट्र को महान बनाएं

अब चिन्मय मिशन का अमृत महोत्सव भी भारत के अमृत काल से जुड़ रहा है। ये भारत के संकल्प की असली ताकत है। हमारे वेदों में लिखा है- राष्ट्र का हित चाहने वाले हम लोग राष्ट्र को महान बनाएं।

स्वामी जी ने गीता ज्ञान के अभियान की शुरुआत की। आज इसी का परिणाम है कि लाखों युवा भारत के सांस्कृतिक ब्रांड एंबेसडर का काम कर रहे हैं।

पीएम ने कहा- अब देश ऋषियों-राष्ट्रभक्तों की राह पर

आज उत्तर से दक्षिण, पूर्व से पश्चिम भारत का सांस्कृतिक पुनर्जागरण हो रहा है। अयोध्या राम मंदिर हो, उज्जैन का महाकाल धाम हो या केदारनाथ या बद्रीनाथ हो, हर जगह ऐसा ही हो रहा है।

एक समय भारत से बहुत सी मूर्तियां चोरी कर विदेश ले जाई गईं। इन्हें बेच दिया गया। कोई इन्हें पूछने वाला नहीं था। हम पिछले 12 साल में ऐसी 600 मूर्तियां वापस लाए हैं। देश अब उस राह पर आगे बढ़ रहा है, जिसका सपना हमारे ऋषियों और राष्ट्रभक्तों ने देखा था। उनका विचार शक्ति हमारी ताकत है

मोदी बोले- नई शिक्षा नीति में संस्कृति के साथ टेक्नोलॉजी सिखा रहे

2015 में मुझे स्वामी जी की स्मृति में एक सिक्का जारी करने का मौका मिला था। मैंने कहा था कि स्वामी जी का जीवन एक प्रतीक है। उनके गुरु ने उन्हें आशीर्वाद दिया था- 'गो, रोर लाइक अ लॉयन' यानी जाओ, शेर की तरह दहाड़ो।

47.87 करोड़ से बनेगा गोपालपुरा अंडरपास

जयपुर के सिविल लाइंस आरओबी के नीचे बनेगा स्पोर्ट्स एरिना, जेडीए की पीडब्ल्यूसी बैठक में हुआ फैसला



जयपुर कासं। जयपुर में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने, सड़कों की चौड़ाई बढ़ाने के लिए जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) ने कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं को मंजूरी दी है। गुरुवार को जेडीए के आयुक्त सिद्धार्थ महाजन की अध्यक्षता में प्रोजेक्ट वर्क्स कमेटी (PWC) की 11वीं बैठक आयोजित की गई। बैठक में गोपालपुरा अंडरपास निर्माण, सिविल लाइंस रेलवे ओवरब्रिज (ROB) के नीचे स्पोर्ट्स एरिना विकसित करने, गांधीपथ पर फुटपाथ निर्माण, कालवाड़ रोड के चौड़ीकरण और शहर की अलग - अलग सड़कों के विकास से जुड़े प्रस्तावों पर फैसले लिए गए।

बैठक में गोपालपुरा अंडरपास के निर्माण के लिए 47.87 करोड़ रुपए की प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति दी गई। यह अंडरपास त्रिवेणी आरओबी की तरफ से भास्कर पुलिया तक बनाया जाएगा। वहीं, सिविल लाइंस आरओबी के नीचे 4.25 करोड़ रुपए की लागत से स्पोर्ट्स एरिना विकसित किया जाएगा।

कालवाड़ रोड पर खर्च होंगे 42.39 करोड़ रुपए

जेडीए की बैठक में शहर की प्रमुख सड़कों के विकास और चौड़ीकरण से जुड़े प्रस्तावों पर भी चर्चा की गई। सी-जोन बाईपास से विनायक होटल तक कालवाड़ रोड के चौड़ीकरण और सुधार कार्य के लिए करीब 42.39 करोड़ रुपए का प्रस्ताव शामिल किया गया। इसके साथ ही 200 फीट बाईपास से खातीपुरा आरओबी तक रेलवे लाइन के साथ-साथ खिरणी आरओबी तक सड़क के नवीनीकरण के लिए करीब 6.83 करोड़ रुपए का प्रस्ताव रखा गया। वैशाली नगर स्थित प्रिंस रोड पर नाला निर्माण, सड़क चौड़ीकरण और नवीनीकरण के कार्य के लिए करीब 6.14 करोड़ रुपए की प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति से संबंधित प्रस्ताव भी बैठक में शामिल रहा। इसके साथ ही जोन-7 क्षेत्र में गांधीपथ पर फुटपाथ निर्माण के लिए 6.94 करोड़ रुपए की प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति दी गई।

सेक्टर रोड की बिजली लाइनें होंगी शिफ्ट

जेडीए क्षेत्र में सड़क चौड़ीकरण और विकास कार्यों को गति देने के लिए बिजली की उच्च और निम्न दाब लाइनों और ट्रांसफॉर्मरों की शिफ्टिंग और डिस्मेंटलिंग के लिए वार्षिक दर अनुबंध (ARC) के तहत 6.64 करोड़ रुपए की स्वीकृति से संबंधित प्रस्ताव शामिल किया गया।

वहीं, जोन-9 में गोनेर-जगतपुरा पुलिया से खातीपुरा रेलवे स्टेशन तक 100 फीट सेक्टर रोड और एनआरआई सर्किल से वीआईटी रोड होते हुए दांतली रोड तक 160 फीट सेक्टर रोड के चौड़ीकरण के दौरान बाधा बन रही बिजली की एचटी-एलटी केबल, स्ट्रीट लाइट से संबंधित यूटिलिटी और ट्रांसफॉर्मरों को शिफ्ट करने और हटाने के लिए 10.68 करोड़ रुपए की प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति दी गई।

जेडीए भवन में फायर अलार्म सिस्टम का होगा नया

बैठक में जेडीए भवन की अग्निशमन और फायर अलार्म प्रणाली के नवीनीकरण के लिए करीब 2.92 करोड़ रुपए की प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति भी दी गई। बैठक में सड़क विकास, यातायात सुगमता, सड़क सुरक्षा, विद्युत लाइनों की शिफ्टिंग और स्मार्ट सिटी परियोजना के संचालन एवं संधारण सहित विभिन्न आधारभूत सुविधाओं से जुड़े प्रस्तावों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में जेडीए सचिव डॉ. गौरव सैनी, निदेशक योजना मृणाल जोशी, निदेशक वित्त सुरेश वर्मा, निदेशक अभियांत्रिकी देवेंद्र गुप्ता, अजय गर्ग और संजीव जैन सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

जिओ1-करोड़ एप्लिकेशन पार करने वाला दुनिया का पहला

आईपीओ 18 गुना से ज्यादा बोलियां मिलीं, 20% से ज्यादा का रिटर्न मिल सकता है



नई दिल्ली एजेन्सी। देश का सबसे बड़ा IPO 'जियो प्लेटफॉर्म्स' को सब्सक्राइब करने का आज आखिरी दिन है। शाम 4:30 बजे तक ये IPO करीब 18 गुना भर चुका है। फाइनल डेटा शाम 5.30 बजे के बाद आएगा।

साथ ही JIO का IPO 1 करोड़ एप्लिकेशन पार करने वाला दुनिया का पहला इश्यू भी बन गया है। इससे पहले यह रिकॉर्ड भारत की ही वारी एनर्जीज लिमिटेड के नाम था, जिसके IPO को लगभग 97 लाख आवेदन मिले थे। JIO के IPO में 19.75 करोड़ शेयर जारी किए हैं। इन्हें खरीदने के लिए 404 करोड़ शेयरों की बोलियां 1 करोड़ से भी ज्यादा निवेशक लगा चुके हैं।

संस्थागत निवेशकों का कोटा 55 गुना और रिटेल पोर्शन 2.69 गुना सब्सक्राइब हो चुका है।

पहले दिन 3 गुना से ज्यादा भरा था इश्यू

IPO पहले दिन यानी 21 अक्टूबर को ही 3.02 गुना भर गया था। 19.75 करोड़ शेयरों के बदले 59.68 करोड़ शेयरों की मांग आई थी। दूसरे दिन की शुरुआत में संस्थागत निवेशकों की भारी बिडिंग की वजह से यह आंकड़ा 3.50 गुना के पार पहुंच गया।

IPO में कम से कम रु.13,428 लगाने होंगे

जियो के एक शेयर की कीमत यानी प्राइस बैंड रु.1,065 से रु.1,119 है। आम निवेशक को शेयर खरीदने के लिए कम से कम रु.13,428 लगाने होंगे, जबकि अधिकतम 14 लॉट यानी 168 शेयर के लिए अप्लाई कर सकते हैं। इसके लिए रु.1.87 लाख रुपए लगेंगे।

1377 रुपए पर हो सकती है शेयरों की लिस्टिंग

लिस्ट होने के पहले कंपनी का शेयर ग्रे मार्केट में 23% यानी ?258 प्रति शेयर के प्रीमियम पर पहुंच गया है। ग्रे मार्केट प्रीमियम यानी GMP के हिसाब से देखें तो अपर प्राइस बैंड रु.1,119 के लिहाज से इसकी लिस्टिंग (1119+258=रु.1377) रु.1377 पर हो सकती है।

अमिताभ बच्चन का बंगला उड़ाने की धमकी: दिलजीत दोसांझ को जान से मारने का मेल

5 दिन पहले टाइगर श्रॉफ पर हुई थी फायरिंग



नई दिल्ली एजेन्सी। अमिताभ बच्चन और पंजाबी सिंगर दिलजीत दोसांझ को शुक्रवार को जान से मारने की धमकी दी गई है। मुंबई की मेयर रितु तावड़े को यह धमकी भरा ई-मेल भेजा गया।

इसमें अमिताभ बच्चन के बंगले 'जलसा' को बम से उड़ाने की बात लिखी गई। कहा गया कि 31 अक्टूबर से 27 नवंबर के बीच कभी भी बंगले को निशाना बनाया जा सकता है। हमला 1984 के 'ऑपरेशन ब्लू स्टार' का बदला होगा।

इसी मेल में गायक दिलजीत दोसांझ को भी आत्मघाती हमले में मारने की धमकी दी गई है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। यह मेल तब आया है, जब 5 दिन पहले रविवार को एक्टर टाइगर श्रॉफ पर मुंबई में फायरिंग की गई। इस हमले की जिम्मेदारी लॉरेंस गैंग ने ली थी।

मुंबई मेयर को भेजे गए मेल में खालिस्तान समर्थक नारे लिखे गए हैं। इसमें 1984 के सिख-विरोधी दंगों का भी जिक्र है। मेल में कहा गया कि दिलजीत ने अमिताभ बच्चन के पैर छूए थे इसलिए उस पर हमला किया जाएगा। मेल में लिखा है कि 27 नवंबर को दिलजीत को महालक्ष्मी रेस कोर्स में आत्मघाती हमले में मारना है। धमकी भरा ईमेल मिलने के बाद मुंबई पुलिस, पुलिस की डॉग स्क्वॉड और बम स्क्वॉड की टीमें बीएमसी मुख्यालय पहुंचीं। मेयर और डिप्टी मेयर कार्यालय सहित विभिन्न चैंबर्स की भी तलाशी ली। मुंबई पुलिस और साइबर सेल ईमेल की जांच में जुटे हैं।

भारत बोला- पाकिस्तान अल्पसंख्यकों पर हमें नसीहत न दे

पाक का आरोप- फर्जी मुठभेड़ में कश्मीरी मर रहे, उन्हें सम्मान से दफनाने का हक भी नहीं



नई दिल्ली एजेन्सी। संयुक्त राष्ट्र (UN) में गुरूवार को भारत और पाकिस्तान के बीच धार्मिक आजादी और मानवाधिकारों को लेकर तीखी बहस हुई। भारत ने पाकिस्तान पर अपने धार्मिक अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा नहीं करने का आरोप लगाया। भारतीय राजनयिक भाविका मंगलानंदन ने कहा कि पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों की संख्या घट रही है और उनके अधिकारों का उल्लंघन हो रहा है। उन्होंने कहा कि जो देश अपने अल्पसंख्यकों की सुरक्षा नहीं कर सकता, उसे भारत को नसीहत देने का कोई हक नहीं है।

इसके पहले पाकिस्तान ने आरोप लगाया था कि जम्मू-कश्मीर में लोग फर्जी मुठभेड़ों में मारे जा रहे हैं। उन्हें सम्मान के साथ दफनाने का हक भी नहीं दिया जाता।

भारत ने कारगिल जंग की याद दिलाई

भाविका मंगलानंदन ने 1999 की कारगिल जंग का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि उस युद्ध में पाकिस्तान ने अपने मारे गए कुछ सैनिकों के शव लेने से इनकार कर दिया था। इसके बावजूद भारतीय सेना ने कई पाकिस्तानी सैनिकों को पूरे सैन्य सम्मान और इस्लामी रीति-रिवाजों के साथ दफनाया था।

भारत ने इस उदाहरण के जरिए कहा कि मृतकों के साथ सम्मानजनक व्यवहार करना जरूरी है। किसी व्यक्ति की मौत के बाद उसके शव और अंतिम संस्कार से जुड़े अधिकारों को राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का हिस्सा नहीं बनाया जाना चाहिए।

भारत ने आतंकवाद के पीड़ितों के अधिकारों पर भी सवाल उठाए

भाविका मंगलानंदन ने आतंकवाद का मुद्दा उठाते हुए कहा कि आतंकवादी निर्दोष लोगों की जान लेते हैं और उनके परिवारों के साथ पूरे समाज को मानसिक चोट पहुंचाते हैं।

उन्होंने सवाल किया कि आतंकवादियों के अधिकारों की पैरवी तो जोर-शोर से की जाती है, लेकिन आतंकवादी हमलों में जान गंवाने वाले निर्दोष लोगों और उनके परिवारों के अधिकारों पर उतना ध्यान क्यों नहीं दिया जाता।

भारत का कहना था कि मानवाधिकारों की चर्चा करते समय आतंकवाद के पीड़ितों के साथ हुए अन्याय को भी उतनी ही गंभीरता से देखा जाना चाहिए।

सार्दुल क्लब में बनेगी अंतराष्ट्रीय स्तर पर शूटिंग रेज, विदेशी कोच सिखायेंगे निशानेबाजी

बीकानेर (खबर आस पास)। निशानेबाजी में बीकानेर फिर परचम लहराएगा। सादुल क्लब, बीकानेर ने यहां अंतरराष्ट्रीय स्तर की शूटिंग रेंज स्थापित की है। सादुल क्लब परिसर में स्थापित इस शूटिंग रेंज में निशानेबाजों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की ट्रेनिंग और माहौल मिलेगा। शूटिंग रेंज स्थापित करने में लगभग सात करोड़ रुपए की लागत आएगी।

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए क्लब के अध्यक्ष हनुमान सिंह राठौड़ और सचिव एम.पी. सिंह सोइन ने बताया कि इस शूटिंग रेंज में ओलंपिक स्तर की मशीन लगाई जा रही है और यहां वही सब मापदंड अपनाएं जा रहें हैं, जो ओलम्पिक खेलों के लिए अनिवार्य है। लॉस एंजेलिस में होने वाले ओलंपिक-2028 में पदक जीतने के लिए एक शूटिंग रेंज में निशानेबाजों को जो अंतरराष्ट्रीय स्तर की तकनीक चाहिए, वो सभी उपलब्ध करवाई जा रही है। इस स्तर की मशीनें पूरे भारत में सिर्फ बीकानेर लगाई जा रही है। सादुल क्लब बीकानेर की शूटिंग रेंज पूरे भारत में एकमात्र शूटिंग रेंज होगी, जहां विश्वस्तरीय निशानेबाजों की प्रतिस्पर्धा और ओलम्पिक खेलों के स्तर को ध्यान में रखते हुए तकनीकी उपलब्ध करवाई जाएगी। इस मौके पर उपस्थित युवा निशानेबाज उद्भव सिंह हरासर ने लाइव डेमो भी दिया। सिंगल ट्रेप-डबल ट्रेप उड़ाकर वहां उपस्थित सभी लोगों का ध्यान खींच लिया।

उन्होंने बताया कि अभी कुल 17 मशीन लगाई गई है, जिसमें 15 ट्रैप स्पर्धा और दो स्कीट स्पर्धा के लिए है। ये मशीनें इंग्लैंड की प्रोमेटिक कंपनी से मंगवाई गई है और इनको स्थापित करने के लिए इंग्लैंड से दो इंजीनियर भी आए हैं। इंग्लैंड से आए इंजीनियर केविन और जोस इन मशीनों को स्थापित करने के लिए दिन रात जुटे हुए हैं।

राठौड़ ने बताया कि रियासतकालीन जमाने में महाराजा करणी सिंह और उनकी पुत्री राज्यश्री कुमारी ने निशानेबाजी में परचम लहराया था। निशानेबाजी की इन उपलब्धियों पर डा. करणी सिंह को 1961 में और राज्यश्री कुमारी को 1969 में अर्जुन अवार्ड





प्रदान किया गया था। साथ ही राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने ओलंपिक और अपूर्वी चंदेला ने राष्ट्रमंडल खेलों व विश्व कप निशानेबाजी में नाम कमाया है। इसी प्रकार उभरते युवा निशानेबाज उद्भव सिंह हरासर ने भी बीकानेर का मान बढ़ाया है।

हम चाहते हैं कि हमारे बच्चे बीकानेर और भारत का नाम रोशन करें। तकनीकी रूप से उन्हें कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। ट्रेनिंग के लिए देश के स्तरीय कोच की व्यवस्था की जाएगी। जरूरत पडऩे पर विदेशी कोच को भी बुलाएंगे।

उन्होंने बताया कि इस शूटिंग रेंज का अवलोकन करने के लिए नेशनल राइफल एसोसिएशन के तकनीकी पदाधिकारी यहां आएंगे। वे इस रेंज का तकनीक रूप से गहन परीक्षण करेंगे और उसके बाद सादुल क्लब को एक प्रमाण पत्र जारी करेंगे। उस प्रमाण पत्र के आधार पर हम जिला प्रशासन से अनुमति प्राप्त कर ट्रेनिंग शुरू कर देंगे। निशानेबाजों को ट्रेनिंग के लिए सादुल क्लब की ओर से कुछ बंदूके भी उपलब्ध करवाई जाएगी।

सचिव सोइन ने बताया कि वर्तमान में सादुल क्लब में बास्केटबॉल, टेनिस, टेबल टेनिस, ताइक्वांडो, तीरंदाजी, क्रिकेट, पिकल बाल, बैडमिंटन, बिलियर्ड्स,तैराकी खेलों की सुविधाएं उपलब्ध हैं। क्लब में औसत रूप से लगभग 300 से 400 बच्चे अभ्यास करते हैं। क्लब में अभ्यास करने वाले खिलाडिय़ों ने राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धियां हासिल की है। अब इस अंतरराष्ट्रीय स्तर की शूटिंग रेंज के माध्यम से हमारे बच्चे देश के लिए मैडल जीत सकेंगे। निशानेबाज उद्भव सिंह हरासर ने कहा कि विदेशों में भारत की अपेक्षा ज्यादा शूटिंग रेंज और तकनीकी सुविधा उपलब्ध है। अब बीकानेर में शूटिंग रेंज में अभ्यास के ज्यादा मौके मिलेंगे।

प्रेस वार्ता में इंग्लैंड से आए इंजीनियर केविन और जोस के साथ-साथ सादुल क्लब एक्जीक्यूटिव कार्यकारणी के सदस्य भी मौजूद थे।

दीपावली के दौरान चाक-चौबंद रहें व्यवस्थाएं

साफ-सफाई, सार्वजनिक प्रकाश व्यवस्था से लेकर सडक़ पेंचवर्क से जुडे कार्य हों प्राथमिकता से:कलक्टर

बीकानेर (खबर आस पास)। जिला कलक्टर निशान्त जैन ने दीपावली के मद्देनजर विभिन्न विभागों और व्यापार-उद्योग संघ के प्रतिनिधियों की बैठक ली।

जिला कलक्टर ने कहा कि पुलिस द्वारा प्रमुख मार्गों से संबंधित यातायात प्लान समय पर बना लिया जाए तथा आमजन को इससे अवगत करवाया जाए। पार्किंग की भी प्रभावी व्यवस्था हो और बेरिकेडिंग आदि समय पर करवा लिए जाएं। उन्होंने पुलिस यातायात शाखा और व्यापारिक प्रतिनिधियों की संयुक्त बैठक करते हुए यातायात प्रबंधन को अंतिम रूप देने के लिए निर्देशित किया।

उन्होंने कहा कि नगर निगम द्वारा साफ-सफाई, सार्वजनिक प्रकाश एवं सडक़ सुदृढ़ीकरण से जुड़े कार्य प्राथमिकता से किए जाएं फायर ब्रिगेड की उपलब्धता से संबंधित सूचना दी जाए तथा यह एक्टिव मोड पर रहें।

उन्होंने कहा कि त्यौहारों के दौरान उपभोक्ताओं को गुणवत्तायुक्त सामग्री मिले, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि पाइपलाइन मरम्मत के लिए सडक़ खोदी जाए तो उसे अविलम्ब ठीक करें। उन्होंने कहा कि मुख्य मार्गों पर कोई भी लाइट बंद नहीं रहें। शहरी क्षेत्र में भी सार्वजनिक प्रकाश व्यवस्था पर पूर्ण ध्यान दिया जाए।

बीकानेर विकास प्राधिकरण आयुक्त श्रीमती स्नेहल धायगुड़े नाना ने बताया कि बीडीए द्वारा करवाए गए रोड लाइट सर्वे में 1100 लाइटें खराब मिली, इनमें से लगभग 1 हजार ठीक करवा दी गई हैं। वहीं नगर निगम आयुक्त श्री सिद्धार्थ पलनीचामी ने सर्वे के दौरान 600 लाइटें बंद मिलने तथा इन्हें दुरूस्त करने के साथ दीपावली से पूर्व कुल 1800 नई रोड लाइटें लगाने की जानकारी दी। जिला कलक्टर ने जलदाय विभाग, विद्युत निगम और बीकेसीएल के अधिकारियों को त्योहारों के दौरान पेयजल और विद्युत की निर्बाध आपूर्ति बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही सख्त हिदायत दी कि विद्युत कटौती नहीं हो।

जिला कलक्टर ने सभी सार्वजनिक स्थानों और चौराहों-सर्किल्स को पूर्व की भांति बेहतर लाइटिंग से सजाने के निर्देश दिए। उन्होंने आह्वान किया कि विभिन्न औद्योगिक प्रतिष्ठान, इकाईयां और संगठन भी बाजारों और दुकानों को सजाएं। इसी प्रकार मंदिरों में सजावट के लिए देवस्थान विभाग को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि समस्त सडक़ों के पेंचवर्क कार्य 31 अक्टूबर तक पूर्ण कर लिए जाएं। इसमें किसी प्रकार की कोताही नहीं हो।

जिला कलक्टर ने पीबीएम अस्पताल के ट्रोमा सेंटर में बर्न यूनिट की सभी व्यवस्थाए चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी प्रकार की घटना होने पर प्रभावित को त्वरित इलाज मिले। उन्होंने सीएमएचओ के अधीन चिकित्सा केन्द्रों में भी नॉर्म्स के अनुसार व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा। जिला कलक्टर ने कहा कि दीपावली के दौरान राजीविका के स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के उत्पादों को प्रोत्साहित करने स्टॉल्स लगाए जाएं। इसके लिए स्थान चिन्हित करने के निर्देश दिए। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

ट्रैक्टर की टक्कर से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई

गजनेर (खबर आस पास)। गजनेर थाना क्षेत्र में मोखा से नोखा जाने वाली सडक़ पर ट्रैक्टर की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद पुलिस ने मृतक के चचेरे भाई की रिपोर्ट के आधार पर ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार, परिवादी मोहित ने बताया कि उसके चचेरे भाई पंकज को ट्रैक्टर चालक ने टक्कर मार दी। रिपोर्ट के मुताबिक, 21 अक्टूबर 2026 को दोपहर करीब 2:30 बजे मोखा से नोखा रोड पर स्थित श्री करणी मिनरल्स के पास यह हादसा हुआ। आरोप है कि ट्रैक्टर चालक वाहन को तेज गति और लापरवाही से चला रहा था। इसी दौरान ट्रैक्टर की टक्कर लगने से पंकज सडक़ पर गिर गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक के भाई की रिपोर्ट के आधार पर परिवादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया है। मामले की जांच हेड कांस्टेबल रविंद्र कुमार कर रहे हैं। पुलिस हादसे के कारणों और ट्रैक्टर चालक की भूमिका की जांच कर रही है। जांच के बाद घटना से जुड़े अन्य तथ्य सामने आएंगे।

राजस्थान के थर्मल प्लांटों में महंगे उपकरणों की खरीद, सरकारी खजाने से लूट का आरोप

महाराष्ट्र की फर्मों पर स्लीव और वाल्व की कोटिंग के नाम पर 200 से 500 प्रतिशत तक अधिक कीमत वसूलने का आरोप; टेंडर की शर्तों से लेकर खरीद प्रक्रिया तक में मिलीभगत की आशंका, जांच और ब्लैकलिस्ट करने की मांग

जयपुर (खबर आस पास)। राजस्थान के थर्मल पावर प्लांटों में उपकरणों की खरीद और मरम्मत के नाम पर सरकारी धन के दुरुपयोग करने के आरोप है। आरोप है कि कुछ फर्में स्लीव और वाल्व जैसे महत्वपूर्ण उपकरणों पर विशेष कोटिंग कर उनकी कार्यक्षमता और आयु बढ़ाने का दावा करते हुए वास्तविक कीमत से 200 से 500 प्रतिशत तक अधिक दरों पर आपूर्ति कर रही हैं। इस प्रक्रिया में सरकारी खजाने को नुकसान पहुंचने की आशंका जताई जा रही है। मामले में टेंडर प्रक्रिया, तकनीकी शर्तों और खरीद से जुड़े अधिकारियों की भूमिका की निष्पक्ष जांच की मांग उठी है। जानकारों की माने तो टेंडर प्रक्रिया में यह गड़बड़झाला सूरतगढ़ थर्मल प्लांट, झालावाड़ थर्मल प्लांट, कोटा थर्मल प्लांट तथा छबड़ा थर्मल प्लांट में चल रहा है। इसलिए इन चारों थर्मल प्लांटस पर निष्पक्ष जांच की मांग तेज गति से उठ रही है।

कोयला प्रवाह से जुड़े क्षेत्रों में होती है खरीद

आरोपों के अनुसार, महाराष्ट्र की कुछ फर्में थर्मल प्लांटों के क्लिंकर ग्राइंडर, एएचपी, सीएचपी और सीडब्ल्यू सहित कोयले के प्रवाह तथा अन्य औद्योगिक प्रक्रियाओं से जुड़े क्षेत्रों में उपयोग होने वाले पंपों के स्लीव और वाल्व की कोटिंग का काम करती हैं। दावा किया जाता है कि कोटिंग से उपकरणों की उम्र बढ़ जाती है, लेकिन इसी आधार पर उनकी कीमतों में भारी बढ़ोतरी किए जाने का आरोप है। सवाल यह है कि क्या इन उपकरणों की वास्तविक लागत, कोटिंग की तकनीकी उपयोगिता और बाजार दरों का समुचित आकलन किया जाता है या नहीं।

ओपन टेंडर में विशेष शर्तें डालने का आरोप

मामले में सबसे गंभीर सवाल टेंडर प्रक्रिया को लेकर उठ रहे हैं। आरोप है कि कुछ फर्में निविदा में ऐसी विशिष्ट तकनीकी शर्तें शामिल करवाती हैं, जिनसे दूसरी कंपनियों के लिए प्रतिस्पर्धा करना मुश्किल हो जाता है। इससे कम कीमत पर या वास्तविक बाजार दरों पर समान गुणवत्ता के स्लीव और वाल्व उपलब्ध कराने वाली कंपनियां टेंडर में भाग लेने से वंचित रह सकती हैं। आरोप यह भी है कि इसके बाद संबंधित फर्मों से जुड़ी या उनकी परिचित अन्य कंपनियों को निविदा प्रक्रिया में शामिल कराकर खरीद आदेश (पीओ) हासिल किए जाते हैं। यदि इन आरोपों की पुष्टि होती है तो यह प्रतिस्पर्धी खरीद व्यवस्था और सरकारी धन के पारदर्शी उपयोग पर गंभीर सवाल खड़े करेगा।


समय समय पर हो अधिकारियों की भूमिका की भी जांच

आरोपों में थर्मल प्लांटों में तैनात एईएन, जेईएन, एसई और चीफ इंजीनियर स्तर तक के अधिकारियों की संभावित भूमिका की जांच की मांग की गई है। हालांकि, किसी अधिकारी या फर्म की मिलीभगत की पुष्टि जांच और दस्तावेजी साक्ष्यों के आधार पर ही हो सकती है। इसलिए खरीद प्रक्रिया से जुड़े तकनीकी अनुमोदन, निविदा की शर्तों, प्राप्त दरों, आपूर्ति आदेशों और भुगतान के रिकॉर्ड की स्वतंत्र जांच जरूरी मानी जा रही है।

दरों और टेंडर की निष्पक्ष जांच हो

राज्य सरकार से मांग की जा रही है कि सभी थर्मल प्लांटों में स्लीव, वाल्व और अन्य संबंधित उपकरणों की खरीद का ऑडिट कराया जाए। इसमें बाजार दरों से तुलना, कोटिंग की लागत और उपयोगिता का तकनीकी परीक्षण, टेंडर में भाग लेने वाली कंपनियों के संबंधों की जांच तथा खरीद आदेश जारी करने की प्रक्रिया की समीक्षा शामिल होनी चाहिए। यदि जांच में अनियमितता, मिलीभगत या सरकारी धन को नुकसान पहुंचाने के प्रमाण मिलते हैं तो संबंधित फर्मों और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए। दोषी पाए जाने वाली कंपनियों को नियमानुसार ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई भी की जा सकती है। सरकारी बिजली उत्पादन व्यवस्था में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए जरूरी है कि उपकरणों की खरीद गुणवत्ता, तकनीकी जरूरत और प्रतिस्पर्धी कीमतों के आधार पर हो। आरोपों की निष्पक्ष जांच से ही स्पष्ट हो सकेगा कि कहीं सरकारी धन की कीमत पर चुनिंदा फर्मों को अनुचित लाभ तो नहीं पहुंचाया जा रहा।

पंचायत समिति चुनाव को लेकर विधायक ताराचंद सारस्वत ने संभाली कमान, प्रत्याशियों को दिया विजय का मंत्र



भाजपा प्रत्याशियों एवं कार्यकर्ताओं से किया संवाद, बिग्गा सहित कई गांवों के ग्रामवासियों ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की

श्रीडूंगरगढ़ (खबर आस पास)। श्रीडूंगरगढ़ तथा रीडी पंचायत समिति सदस्य चुनाव को लेकर भाजपा ने अपनी चुनावी गतिविधियों को तेज कर दिया है। शुक्रवार को श्रीडूंगरगढ़ भाजपा कार्यालय में विधायक ताराचंद सारस्वत ने पंचायत समिति सदस्य पद के प्रत्याशियों, समर्थकों एवं कार्यकर्ताओं से संवाद कर चुनावी तैयारियों को लेकर मार्गदर्शन प्रदान किया। श्रीडूंगरगढ़ एवं रीड़ी पंचायत समिति क्षेत्र के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में पहुंचे प्रत्याशियों और कार्यकर्ताओं के बीच चुनाव को लेकर उत्साह देखने को मिला। विधायक ताराचंद सारस्वत ने प्रत्याशियों एवं कार्यकर्ताओं से चर्चा करते हुए संगठनात्मक मजबूती, आपसी समन्वय और प्रभावी जनसंपर्क पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सभी प्रत्याशी एवं कार्यकर्ता एकजुट होकर पूरी ऊर्जा के साथ चुनाव प्रचार में जुटें तथा गांव-गांव, ढाणी-ढाणी और घर-घर तक पहुंचकर भाजपा की नीतियों, जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों की जानकारी आमजन तक पहुंचाएं। विधायक सारस्वत ने कहा कि संगठन की मजबूती और कार्यकर्ताओं का समर्पण पार्टी की महत्वपूर्ण ताकत है। प्रत्येक कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी पूरी निष्ठा से निभाते हुए सामूहिक प्रयासों के साथ चुनावी अभियान को आगे बढ़ाए। उन्होंने सभी प्रत्याशियों से आपसी तालमेल बनाए रखने तथा जनसंपर्क अभियान को प्रभावी बनाने का आह्वान किया।

विधायक के विकास कार्यों से प्रभावित होकर बिग्गा सहित कई गांवों के ग्रामवासी भाजपा में शामिल

इस दौरान क्षेत्र में विधायक ताराचंद सारस्वत द्वारा करवाए जा रहे विकास कार्यों से प्रभावित होकर गांव बिग्गा सहित विभिन्न गांवों के कई ग्रामवासियों ने कांग्रेस छोड़कर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इनमें गांव बिग्गा के श्रवण राम मेघवाल एवं गोरखाराम मेघवाल सहित कई लोगों ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा जॉइन की । इस अवसर पर विधायक ताराचंद सारस्वत ने भाजपा में शामिल हुए सभी ग्रामवासियों को पार्टी का दुपट्टा पहनाकर भाजपा परिवार में स्वागत एवं अभिनंदन किया। भाजपा कार्यालय में दिनभर प्रत्याशियों, समर्थकों एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति के बीच विधायक सारस्वत ने संगठनात्मक एकजुटता, आपसी समन्वय और जनसंपर्क को प्रभावी बनाने का संदेश दिया। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से जनसेवा की भावना के साथ सक्रिय भूमिका निभाने और चुनावी तैयारियों में जुटने का आह्वान किया। संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं का समर्पण और जनसेवा का संकल्प लेकर भाजपा पंचायत समिति चुनाव की तैयारियों में जुटी है।

बीकानेर में 26 अक्टूबर से जिला स्तरीय सब-जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता

बालक-बालिकाओं को मिलेगा प्रतिभा दिखाने का अवसर



बीकानेर। जिला कबड्डी संघ बीकानेर के अध्यक्ष महेंद्र कुमार व्यास ने बताया कि बीकानेर में कबड्डी खेल को बढ़ावा देने तथा उभरती खेल प्रतिभाओं को आगे लाने के उद्देश्य से बीकानेर जिला कबड्डी संघ के तत्वावधान में जिला स्तरीय सब-जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता (बालक एवं बालिका वर्ग) का आयोजन 26 से 28 अक्टूबर 2026 तक कैप्टन चंद्र चौधरी कबड्डी मैदान, बीकानेर में किया जाएगा। प्रतियोगिता में जिले के पात्र बालक एवं बालिका खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिभा, दमखम और कौशल का प्रदर्शन करेंगे। इस प्रतियोगिता के माध्यम से जिले की नई खेल प्रतिभाओं को अपनी क्षमता साबित करने का अवसर मिलेगा। साथ ही, खिलाड़ियों में खेल भावना, अनुशासन, टीम भावना और प्रतिस्पर्धात्मक कौशल को विकसित करने में भी मदद मिलेगी। उन्होंने जिले के सभी पात्र खिलाड़ियों से प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लेने का आह्वान किया। जिला कबड्डी संघ बीकानेर के सचिव जितेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि 36वीं सब-जूनियर राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता (बालक एवं बालिका वर्ग) का आयोजन जिला कबड्डी संघ, अलवर द्वारा 12 से 15 नवंबर 2026 तक इंदिरा गांधी स्टेडियम, अलवर में किया जाएगा। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों को निर्धारित आयु एवं वजन संबंधी मानदंडों को पूरा करना अनिवार्य होगा।

खिलाड़ियों के लिए आयु एवं वजन संबंधी नियम

बालक वर्ग

* अधिकतम वजनः 60 किलोग्राम।
* जन्म तिथिः 12 दिसंबर 2010 के बाद की होनी चाहिए।

बालिका वर्ग

* अधिकतम वजनः 55 किलोग्राम।
* जन्म तिथिः 30 दिसंबर 2010 के बाद की होनी चाहिए।

सचिव जितेंद्र सिंह राठौड़ ने जिले के सभी कबड्डी खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं संबंधित विद्यालयों से अपील की कि वे निर्धारित आयु एवं वजन संबंधी नियमों का ध्यान रखते हुए पात्र खिलाड़ियों की तैयारी करवाएं, ताकि बीकानेर जिले के खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन कर सकें।